# जयपुर ग्रेटर निगम की महापौर रही सौम्या गुर्जर के निलंबन पर रोक

## अदालत ने मामले की जांच पूरी होने के बाद उसकी रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट में पेश करने के लिए भी राज्य सरकार को आदेश दिया

■ सौम्या ने एसएलपी में कहा कि नगर निगम कमिश्नर द्वारा मामले में दर्ज कराई एफआईआर में ऐसा कोई गंभीर आधार नहीं है जिस पर राज्य सरकार प्रार्थिया को मेयर पद से निलंबित किया जाता।

**जयपुर,** (का.सं.)। सुप्रीम कोर्ट ने ग्रेटर नगर निगम जयपुर की मेयर रही सौम्या गुर्जर के निलंबन आदेश पर मामले में न्यायिक जांच कार्रवाई का नतीजा आने तक अंतरिम रोक लगा दी है। इसके साथ ही अदालत ने मामले की जांच पूरी होने के बाद उसकी रिपोर्ट सर्वोच्च अदालत में पेश करने के लिए कहा है। जस्टिस संजय किशन कौल व एम.एम. सुंदरेश की खंडपीठ ने यह आदेश सौम्या गुर्जर की एसएलपी पर सुनवाई करते हुए दिए।



डॉ. सौम्या गुर्जर

अदालत ने कहा कि राज्य सरकार के 16 जुलाई 2021 के आदेशानुसार प्रार्थिया पर मेयर के तौर पर अनुचित भाषा का उपयोग करने का आरोप है। जबकि अन्य पार्षदों पर अधिकारी के साथ हाथापाई व धक्का-मुक्की करने का आरोप है। वहीं प्रार्थिया के मामले में राज्य सरकार की न्यायिक जांच की साक्ष्य प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। ऐसे में न्यायिक जांच कार्रवाई का नतीजा आने तक प्रार्थिया की हद तक उसके निलंबन के आदेश पर रोक लगाया जाना उचित होगा। सुनवाई के दौरान प्रार्थिया की ओर से कहा कि राज्य सरकार ने उसके मामले में न्यायिक साक्ष्य जांच की प्रक्रिया पूरी कर ली है। राज्य सरकार अब दूसरे अन्य के मामलों में आठ गवाहों के बयान दर्ज करवाना चाहती है और इन दोनों मामलों को एक साथ संलग्न कर अंतिम बहस करवाना चाहती है। इस पर अदालत ने कहा कि वे मामले में राज्य सरकार की कार्रवाई में दखल नहीं दे रहे हैं, लेकिन प्रार्थिया की भूमिका को देखते हुए न्यायिक जांच कार्रवाई का नतीजा आने तक उनके निलंबन आदेश पर रोक लगाई जा रही है। सौम्या गुर्जर ने एसएलपी में हाईकोर्ट के 28 जून के उस आदेश को चुनौती दी है जिसमें उनकी निलंबन को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी थी।

सौम्या ने एसएलपी में कहा कि नगर निगम कमिश्नर द्वारा मामले में दर्ज कराई एफआईआर में ऐसा कोई गंभीर आधार नहीं है जिस पर राज्य सरकार प्रार्थिया को मेयर पद से निलंबित किया जाता। वहीं नगर पालिका अधिनियम की धारा 39 (1) (डी) की संवैधानिकता वैधता को भी चुनौती देते हुए कहा कि मेयर पद से उनका निलंबन गलत किया है, इसलिए उनके निलंबन पर रोक लगाई जाए।

## सौम्या पुन: कुर्सी पर कब बैठेंगी, फिलहाल तय नहीं

■ चर्चा है कि अदालत के आदेश की कॉपी मिलने के बाद राज्य सरकार रिव्यू करेगी, उसके बाद ही आगे की प्रक्रिया अपनाई जाएगी।

**जयपुर** । सुप्रीम कोर्ट से राहत मिलने के बाद सौम्या गुर्जर के पुनः मेयर पद पर बहाल होने की राह खुल गई है। हालांकि वे दुबारा मेयर की कुर्सी पर कब बैठेगी, फिलहाल ये कहना मुश्किल है, क्योंकि कोर्ट के आदेश की कॉपी मिलने के बाद सरकार की ओर से रिव्यू किया जाएगा। उसके बाद ही आगे की प्रक्रिया अपनाई जाएगी।

मामले में भाजपा की ओर से पूरे मामले की निगरानी कर रहे पूर्व प्रदेशाध्यक्ष और पूर्व कैबिनेट मंत्री अरूण चतुर्वेदी ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार के अनैतिक व असंवैधानिक निर्णय को गलत मानते हुए यह स्टे दिया है। यह लोकतंत्र की एक बड़ी जीत है। सौम्या गुर्जर ने कहा कि सत्य सिर्फ परेशान हो सकता है, पराजित नहीं। गहलोत सरकार ने अलोकतांत्रिक तरीके से मेयर पद से हटाया था, सुप्रीम कोर्ट में सत्य की जीत हुई है। ज्ञात रहे कि गहलोत सरकार ने गत 6 जून को सौम्या गुर्जर को मेयर पद से और अन्य तीन पार्षदों को आयुक्त यज्ञमित्र सिंह देव के साथ हुए विवाद के बाद निलंबित कर दिया था। इस निलंबन के बाद राज्य सरकार ने इस प्रकरण की न्यायिक जांच भी शुरू करवा दी थी। सरकार के निलंबन के फैसले को सौम्या गुर्जर ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। हाईकोर्ट ने प्रकरण में न्यायिक जांच होने तक दखल देने और निलंबन के आदेशों पर स्टे देने से इनकार कर दिया था। हाईकोर्ट से राहत नहीं मिलने के बाद सौम्या गुर्जर के समर्थन में भाजपा ने सुप्रीम कोर्ट में इस मामले को चुनौती दी थी। सुप्रीम कोर्ट में इस मामले में पहले 4 बार सुनवाई हो गई, लेकिन अब तक कोई निणर्य नहीं हुआ था। वहीं दूसरी ओर 31 जनवरी को ही राज्य सरकार ने ग्रेटर निगम की कार्यवाहक मेयर शील धाभाई के कार्यकाल को अगले 60 दिन के लिए बढ़ा दिया है। सरकार ने शील धाभाई का कार्यकाल चौथी बार बढ़ाया है। इससे पहले सरकार ने दिसंबर में आदेश जारी करके हुए 60 दिन के लिए कार्यकाल बढ़ाया था।

## माघ महोत्सव में एक महीने तक होंगे विभिन्न आयोजन

**जयपुर,** (कासं)। आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में राजस्थान संस्कृत अकादमी की ओर से इस बार महाकवि माघ महोत्सव का वृहद् स्तर पर आयोजन किया जाएगा। अकादमी के प्रशासक और संभागीय आयुक्त दिनेश कुमार यादव ने बताया कि माघ महोत्सव का आयोजन इस बार 16 फरवरी से 16 मार्च तक हाई ब्रिड मोड (ऑफ लाईन और ऑन लाईन) पर किया जाएगा। इसका आयोजन कला, साहित्य और संस्कृति विभाग के सहयोग से किया जा रहा है। इसकी गतिविधियां जयपुर सहित प्रदेश के विभिन्न शहरों से की जाएंगी।

दिनेश कुमार यादव ने बताया कि इस एक महीने के वृहद् आयोजनों की शुरूआत 16 फरवरी को दो विशेष रिकार्डेड ऑनलाइन कार्यक्रमों के प्रसारण से होगी। इसके तहत सुबह 11.00 बजे ग्रेमी अवार्ड विनर पद्मभूषण पं. विश्व मोहन भट्ट अपनी नवीन राग रचना 'राग माघ' पर आधारित संस्कृत गीत का प्रदर्शन करेंगे। इस रचना में पद्मश्री अभिराज राजेन्द्र मिश्र लिखित संस्कृत गीत को पं. विश्वमोहन जाने-माने गायक रवीन्द्र उपाध्याय और वीणा मोदानी के साथ मिलकर पेश करेंगे। इसी दिन शाम को 6.00 बजे भारत के एक मात्र संस्कृत बैंड 'ध्रुवा' के कलाकार संजय त्रिवेदी के निर्देशन में संस्कृत की रचनाएं प्रस्तुत करेंगे।

इस दौरान कोलकाता के प्रभा खेतान फाउन्डेशन के सहयोग से 27 फरवरी को जवाहर कला केन्द्र में रामायण-महाभारत आधारित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इसमें दस भारतीय भाषओं के कवि कविता पाठ करेंगे।

## सभी ट्रस्टों को रखनी पड़ेंगी खाता बुक, क्रिप्टो करेंसी पर 30 फीसदी टैक्स वसूलेगी सरकार : नमन श्रीमाल

■ 'रिवाइज्ड़ इंकम टैक्स रिटर्न अब असेसमेंट ईयर के अंत से 2 वर्ष तक फाइल किया जायेगा, पूर्व में यह नियम तभी लागू था, जब टैक्स देय हो'

■ 'निर्माण इकाई शुरू करने और स्टार्टअप स्थापित करने के लिए भी 1 वर्ष का समय दिया'

■ 'कमीशन को पेशेवर आय मानेगी सरकार, 10 प्रतिशत टीडीएस काटा जायेगा'

**जयपुर** (कासं)। चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) नमन श्रीमाल ने केन्द्रीय बजट में मिली छूट तथा टैक्स के प्रतिशत को आमजन के लिए आसान शब्दों में साझा किया है। उन्होंने बताया कि चैरिटेबल ट्रस्ट और संस्थानों को अब खाता पुस्तकें रखनी पडेंगी, जबकि पूर्व में अधिकतम सीमा से अधिक आय वाले ट्रस्टों के लिए ही यह नियम लागू था। डिजिटल संपत्ति जैसे क्रिप्टो करैंसी पर सरकार 30 प्रतिशत टैक्स वसूलेगी, जबकि 1 प्रतिशत टीडीएस काटा जायेगा। व्यापार व्यय के रूप में अधिभार व उपकर को क्लेम नहीं कर सकेंगे। रिवाइज्ड़ इंकम टैक्स रिटर्न अब असेसमेंट ईयर के अंत से 2 वर्ष तक फाइल किया जायेगा, पूर्व में यह नियम तभी लागू था, जब टैक्स देय हो। सहकारी समिति के मामले में एमएटी



सीए नमन श्रीमाल

दर 18.5 प्रतिशत से घटाकर 15 फीसदी कर दी गई है। सेक्शन 194-आर में कमीशन या अनुलाभ पर 1 जुलाई 2022 से 10 प्रतिशत टीडीएस काटा जायेगा, ऐसी आय को अब व्यापार-पेश की आय माना जायेगा।

नमन श्रीमाल ने बताया कि कोविड के हालातों में राहत देते हुए धारा 115 बीएबी के तहत निर्माण इकाई शुरू होने की नियत तारीख 31 मार्च 2023 से बढ़ाकर 31 मार्च 2024 तक कर दिया गया है। इसी प्रकार स्टार्टअप स्थापित करने की नियत तारीख 1 अप्रैल 2022 से बढ़ाकर 13 मार्च 2023 तय की गई है। कोविड मृतक के परिजनों को मिलने वाली राशि किसी भी तरह की आय नहीं मानी जायेगी। नेशनल पेंशन के तहत नियोक्ता के योगदान की अधिकतम सीमा 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 14 फीसदी की गई है। हालांकि यह सीमाएं राज्य व केन्द्र सरकार के कर्मचारियों पर ही लागू होगी।

## 'संगठन चुनाव के बाद ही ब्लॉक व जिलों के अध्यक्ष नियुक्त होंगे'

### कांग्रेस संगठन चुनाव के लिए राजस्थान के पीआरओ संजय निरुपम ने पत्रकारों से रूबरू होकर स्थिति स्पष्ट की

**जयपुर,** (का.प्र.)। कांग्रेस संगठन चुनाव के लिए राजस्थान के पीआरओ बनाए गए संजय निरुपम ने कहा है कि संगठन चुनाव की प्रक्रिया के जरिए ही ब्लॉक और जिला अध्यक्ष बनाए जाएंगे। निरुपम के बयानों से एक बात साफ हो गई है कि अब राजस्थान में जिलाऔर ब्लॉक अध्यक्ष का इंतजार लंबा खिसक गया है। इससे भी बडी बात यह है कि अब जिलाऔर ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति मनोनयन के माध्यम से न होकर चुनाव के माध्यम से होगी। हालांकि, जिन 13 जिलों में जिलाध्यक्ष घोषित कर दिए गए हैं, उनकी कार्यकारिणी और कुछ इक्का-दुक्का जिला अध्यक्ष घोषित किए जा सकते हैं।

राजस्थान में कांग्रेस पार्टी के 13 जिलाध्यक्ष बन चुके हैं। इसके अलावा 400 ब्लॉक अध्यक्ष और 29 जिला अध्यक्ष बनने बाकी हैं। इन नियुक्तियों के इंतजार के बीच कांग्रेसमें केवल राष्ट्रीय अध्यक्ष ही चुनाव के जरिए नहीं चुना जाएगा, बल्कि जिला अध्यक्ष और ब्लॉक अध्यक्ष भी चुनाव के जरिए बनेंगे। संगठन चुनाव के लिए पीआरओ बनाए गए संजय निरुपम ने कहा कि पहले 31 मार्च तक कांग्रेस पार्टी का डिजिटल मेंबरशिप अभियान चलेगा। इन्हीं डिजिटल मेंबर्स और सामान्य मेंबर के मतदान के जरिए ही राष्ट्रीय अध्यक्ष ही नहीं, बल्कि जिला अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष, पीसीसी और एआईसीसी सदस्य बनाए जाएंगे। निरुपम ने कहा कि जब 31 मार्च को सदस्यता अभियान समाप्त हो जाएगा। उसके बाद कांग्रेस के बनने वाले मेंबर ही चुनाव प्रक्रिया में मतदान करेंगे और यही मेंबर राष्ट्रीय अध्यक्ष से लेकर जिला अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष, पीसीसी और एआईसीसी मेंबर का चुनाव करेंगे। राहुल गांधी को अध्यक्ष बनाए जाने केविषय पर निरुपम ने कहा कि क्योंकि मेरी भावना भले ही हमेशा राहुल गांधी के साथ जुड़ी रही हो, लेकिन अब मैं राजस्थान के चुनाव में पीआरओ की भूमिका में हूं। ऐसे में कौन अध्यक्ष बनेगा और कौन किस पद पर चुना जाएगा, मैं इस बारे में नहीं कह सकता। संजय निरुपम ने कहा कि राजस्थान हमेशा से मेंबर बनाने में आगे रहा है। इस बार भी 50 से 52 लाख मेंबर राजस्थान में बनाए जाएंगे।

इस बैठक में बस्सी से कांग्रेस प्रत्याशी रहे दौलत मीणा ने संजय निरुपम के सामने ही कहा कि मेरे यहां डिजिटल मेंबरशिप करवाने के दौरान सारे एनरोलर्स निर्दलीय विधायक के कहने पर बनाया गया है। जिन्होंने पार्टी को नुकसान पहुंचाया, तो फिर हम जो कांग्रेस के प्रत्याशी रहे वह कैसे मेंबरशिप अभियान को हमारे क्षेत्र में मजबूती दे पाएंगे ?

संजय निरुपम ने कहा कि अगर ऐसी दिक्कत है तो कांग्रेस के प्रत्याशियों को भी डिजिटल मेंबरशिप के एप्प एक्सेस दे दिया जाएं। इसी मामले में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि ऐसी दिक्कत 15 जगह आ रही है, यहां भी कोई समाधान निकाला जाएगा।

## रोडवेज की खाली जमीन पर पेट्रोल पम्प, सीएनजी व इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन लगेंगे

**जयपुर** । राजस्थान रोडवेज अपनी अतिरिक्त पड़ी जमीन बस संचालन के अलावा पेट्रोल पम्प, सीएनजी स्टेशन, इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए देगा। रोडवेज निगम ने गैर संचालन आय में बढोतरी करने के लिए यह निर्णय लिया है। जिसके अनुसार रोडवेज सभी आगारों, कार्यशालाओं एवं बस स्टैण्डों की खाली पड़ी जमीन पर पेट्रोल व डीजल पम्प, सीएनजी स्टेशन एवं इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन के लिए सरकारी तेल कम्पनियों को लीज रैंट (किराए) पर देगा। सरकारी तेल कम्पनियां आइओसीएल, एचपीसीएल, बीपीसीएल को प्राथमिकता दी जाएगी। यह जमीन रोडवेज 19 वर्ष 11 माह के लिए लीज पर देगा। भूमि का किराया सार्वजनिक निर्माण विभाग के नियमानुसार प्रति वर्गमीटर वर्तमान डीएलसी दर के 9 प्रतिशत वार्षिक के आधार पर तय होगा। प्रतिवर्ष किराया राशि में 3 प्रतिशत की वार्षिक दर से वृद्धि की जाएगी। इससे रोडवेज को अच्छी आय प्राप्त होगी। इसके अलावा सभी रोडवेज की ईकाईयों में हर माह के चौथे शनिवार को दोपहर 3 बजे से रात 9 बजे तक सर्विस बुक पूरी करवायी जायेगी।

## हैरिटेज निगम के कामकाज में था महापौर पति का हस्तक्षेप?

### राजस्थान पोर्टल पर युनूस चौंपदार की शिकायत के जवाब में निगम प्रशासन ने यह बात स्वीकारी

■ हैरिटेज निगम प्रशासन ने पोर्टल पर जवाब दिया है कि ''अनावश्यक हस्तक्षेप पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है, इस संबंध में आवश्यक निर्देश दे दिये गये हैं। इसके बाद कहा गया कि परिवादी इस कार्रवाई से संतुष्ट है और परिवाद निस्तारित किया जा रहा है।''

**जयपुर** (कासं)। हैरिटेज नगर निगम के कामकाज में महापौर पति सुशील गुर्जर द्वारा हस्तक्षेप करने का मामला सामने आया है। सामाजिक कार्यकर्ता युनुस चौपदार द्वारा मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई शिकायत पर हैरिटेज निगम प्रशासन की चौंकाने वाली जवाबी टिप्पणी में यह खुलासा हुआ है।

सूत्रों के मुताबिक पिछले दिनों सामाजिक कार्यकर्ता यूनूस चौंपदार ने मुख्यमंत्री के राजस्थान संपर्क पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवायी थी कि जयपुर हैरिटेज निगम के कामकाज में महापौर मुनेश गुर्जर के पति सुशील गुर्जर हस्तक्षेप करते है और संसाधनों का दुरुपयोग करते है। वहीं दूसरी तरफ जैसे ही इस शिकायत की सूचना हैरिटेज निगम प्रशासन को मिली तो वहां से जवाब दिया गया कि ''अनावश्यक हस्तक्षेप पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है, इस संबंध में आवश्यक निर्देश दे दिये गये हैं। इसके बाद कहा गया कि परिवादी इस कार्रवाई से संतुष्ट है और परिवाद निस्तारित किया जा रहा है।'' अब इस रोचक टिप्पणी के बाद सवाल यह उठता है कि जब निगम प्रशासन स्वयं स्वीकार कर रहा है कि महापौर पति का हैरिटेज नगर निगम के कामकाज में हस्तक्षेप था, तो आखिर वह कौनसे प्रकरण थे, जिनमें सुशील गुर्जर लगातार दखलअंदाजी कर रहे थे। राजनैतिक गलियारों में चर्चा छायी है कि आखिर सुशील गुर्जर किन प्रकरणों में हस्तक्षेप करके किसे फायदा पहुंचाना चाह रहे थे।

## केन्द्रीय बजट से बनेंगे विकास के नए आयाम:दीया कुमारी




**जयपुर** । केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सांसद दीयाकुमारी ने कहा कि ''सड़क व रेल सुविधा के साथ बजट में बुनियादी सुविधाओं को सहज रूप से उपलब्ध करवाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। बजट में किसान, महिला, युवा, व्यापारी, आवास, आंगनबाड़ी, पीने के पानी, खेती, स्वास्थ, शिक्षा, गावँ, गरीब और शहरी विकास के साथ ही सभी वर्ग और प्रत्येक क्षेत्र का ध्यान रखा गया है। बजट 2022 विकास के नए आयाम स्थापित करेगा। केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण व मोदी सरकार का आभार।

## बजट से किसान व युवाओं को फायदा : सांसद बोहरा

**जयपुर,** (का.सं.)। जयपुर सांसद रामचरण बोहरा ने वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत बजट पर कहा कि वर्ष 2022-23 का बजट आम जन में युवाओ के लाभ का बजट है। इस बजट से 60 लाख युवाओ को नौकरी दी जायेगी।

हमारी सरकार सशस्त्र बलों में आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा देने के प्रति प्रतिबद्ध है। जिसके लिये 2022-23 के लिए बजट का 68 प्रतिशत घरेलू उद्योग के लिए निर्धारित किया गया है। जो 2021-22 में 58 प्रतिशत ही था इससे मेक इन इण्डिया को बढ़ावा मिलेगा। स्वदेशी निर्मित 400 वंदे भारत ट्रेनें तैयार की जाएंगी। जिसके लिये तीन सालों में 100 पी.एम. गति शक्ति कार्गो टर्मिनल तैयार होगे। इससे इन्फ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा मिलेगा।

प्रधानमंत्री आवास योजना कम तहत 2022-23 में 80 लाख आवासो के लिए 48 हजार करोड़ का फंड रखा गया है, जिससे आवास से वंचित परिवार को अपनी छत मिल सकेगी।



सांसद बोहरा ने बताया कि रोजमर्रा के उपयोग की वस्तुऐं यथा यथा जूते-चपल, कपड़ा, चमड़े का सामान, मोबाइल फोन, चार्जर के साथ किसानो के लिये खेती के उपकरण सस्ते होने से आमजन को सीधा लाभ मिलेगा।

हर घर, नल से जल योजना के लिए वर्ष 2022-23 में 60,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

आम जन को सड़क परिवहन की सुविधा के लिए 2022-23 के बीच नेशनल हाईवे की लंबाई 25,000 किमी तक बढ़ाई जाने का प्रावधान रखा गया है। इससे हाईवे विस्तार पर 20 हजार करोड़ रुपये खर्च होंगे।

## आधारभूत ढ़ांचे में बदलाव लायेगा बजट : भंसाली

**जयपुर,** (कासं)। केन्द्रीय मंत्री निर्मला



सीतारमण द्वारा पेश किया गया बजट-2022 को राजस्थान सीए सोसाइटी के अध्यक्ष सीए सुधीर भंसाली ने आधारभूत ढांचे में अमुलचुल परिवर्तन लाने वाले बजट बताया है।

सीए भंसाली के अनुसार रु. 7.50 लाख करोड़ के पूंजीगत खर्च करके देश नये आधारभूत ढांचे को मजबूत करेगी जिससे देश में बहुत बढ़े स्तर पर रोजगार का भी सृजन होगा। मेक इन इण्डिया के तहत 68 प्रतिशत रक्षा खरीद खर्चे किया जायेगा जिससे देश मजबूत होगा तथा बहुत बढ़ी मात्रा में रोजगार सृजन होगा।

भंसाली के अनुसार सहकार क्षेत्र में बहुत बढ़ी मात्रा में ग्रामीण जुड़े होते है तथा इस पर आयकर को 15 प्रतिशत पर लाकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था में मजबूती लाने वाला कदम है। अभी 18.5 प्रतिशत आयकर देय है।

## सीआईआई ने बजट को विकासोन्मुखी बताया

■ 'एमएसएमई का केन्द्र है राजस्थान, ऐसे में इस सेक्टर की छूट प्रदेश के एमएसएमई सेक्टर को और अधिक प्रतिस्पर्धी व कुशल बनायेगी'

**जयपुर** । सीआईआई के अध्यक्ष अभिमन्यु मुंजाल ने केन्द्रीय वित्त मंत्री 'निर्मला सीतारमण द्वारा पेश केंद्रीय बजट विकासोन्मुखी और विस्तारवादी बताते हुए इसकी तारीफ की। उन्होंने कहा कि स्पष्ट रूप से बढ़े हुए पूंजीगत व्यय के माध्यम से सतत विकास पर सरकार के फोकस का संकेत दिया है।

सीआईआई राजस्थान के चेयरमैन संजय साबू ने कहा कि राजस्थान एमएसएमई का केंद्र हैं, और इस क्षेत्र के लिए कई सकारात्मक हैं, जैसे कि आपातकालीन क्रेडिट लाइन गारंटी योजना का 2023 तक विस्तार, 2 लाख करोड रुपये का अतिरिक्त क्रेडिट एमएसएमईज् के लिए, और एमएसएमई प्रदर्शन कार्यक्रम को बढ़ाने और तेज करने की घोषणा। इन सभी कदमों से एमएसएमई क्षेत्र को अधिक लचीला, प्रतिस्पर्धी और कुशल बनने में मदद मिलेगी। सीआईआई राजस्थान के वाइस चेयरमैन गौरव रूंगटा ने कहा, डिफेंस कैपेक्स का 68 फीसदी घरेलू कंपनियों के लिए रखने की घोषणा से मेक इन इंडिया कार्यक्रम को बड़ा बढ़ावा मिलेगा। इसी तरह बैटरी स्वैपिंग पॉलिसी की घोषणा से ईवी सेगमेंट को बढ़ावा मिलेगा। सीआईआई राजस्थान के निदेशक और प्रमुख नितिन गुप्ता ने कहा, कट और पॉलिश किए गए हीरे और रत्नों पर सीमा शुल्क को 7.5 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत करने से राजस्थान के रत्न और आभूषण उद्योग को राहत मिलेगी। इसी तरह रोडियम, पर्ल्स आदि पर भी सीमा शुल्क कम कर दिया गया है। डेटा सेंटर निवेश का एक आगामी क्षेत्र है। बजट ने डेटा केंद्रों को बुनियादी ढांचे का दर्जा दिया है जिससे पूरे भारत में अच्छा निवेश होगा।

## सार-समाचार

### जन्मदिन पर स्वास्थ्य मंत्री का स्वागत



**जयपुर,** (कासं)। चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा के जन्म दिन पर राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष प्यारे लाल चौधरी, प्रदेश संयोजक शशिकांत शर्मा, कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष नरेंद्र सिंह शेखावत व प्रदेश महामंत्री सुनील शर्मा के नेतृत्व में सैकड़ों नर्सिंग कर्मचारियों ने चिकित्सा मंत्री के आवास पर पहुंच कर उनके जन्म दिन की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर एसोसिएशन के प्रदेश पदाधिकारियों द्वारा चिकित्सा मंत्री को साफा व शाल के साथ 51 किलो की माला पहना कर अभिनंदन पत्र भेंट किया। वहीं नर्सेज संघर्ष समिति ने भी चिकित्सा मंत्री को गुलदस्ता भेंट कर जन्मदिन की शुभाकामनाएं दी। इस दौरान समिति के अध्यक्ष सोमसिंह मीणा, प्रदेश संयोजक जितेद्र कटारा, संयोजक कमलेश गुर्जर, पवन खटाना, लक्ष्मीकांत मीणा और विक्रम सिंह मौजूद रहे।

### नर्सेज ने 67 यूनिट रक्तदान किया

**जयपुर** । राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन की ओर से चिकित्सा मंत्री के जन्मदिन पर मंगलवार को सवाई मानसिंह चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष खुशी राम मीणा एवं जिला अध्यक्ष बालकृष्ण शर्मा ने बताया कि शिविर में 67 यूनिट रक्तदान हुआ। इसमें नर्सेज ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। शिविर का शुभारंभ राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कमल मीणा ने दीप प्रज्वलित कर किया। रक्त दाताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए एवं मरीजों के परिजनों को फल वितरण किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस नेता राघव मीणा, डॉ. प्रदीप शर्मा, अतिरिक्त अधीक्षक डॉ. मनोज, डॉ. सीपी मीणा, नर्सिंग अधीक्षक सुरेश मीणा, अनुशासन समिति चेयरमैन अशोक सपोटरा, महामंत्री पवन जादौन, सोम सिंह, मनोज दुबी, नरेंद्र सिंह राठौड़, योगेश पटेल, अशोक शर्मा, सुनील बैरवा, सुरेंद्र गुर्जर, महेश यादव व सवाई मानसिंह चिकित्सालय के नर्सेज उपस्थित रहे।

### 'किसानों की आय दुगुनी करेगा बजट'

**जयपुर** । ब्राह्मण समाज राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष और भाजपा के राष्ट्रीय महासंपर्क अभियान के प्रदेश सह संयोजक अंबिका प्रकाश पाठक ने आम बजट को गरीब हितकारी और आमजन के कल्याण वाला बताया है। उन्होंने कहा कि किसानों को एमएसपी के लिए 2.7 लाख करोड़ रुपए दिये जाने के साथ तिलहन की खेती को बढ़ावा दिये जाने एवं फल, सब्जी किसानों के लिए नए पैकेज लाए जाने का प्रावाान रखा गया है। इससे किसानों की आय दुगुनी होगी और उनका जीवन स्तर भी सुधरेगा। यह बजट देश की अर्थव्यवस्था को बूस्टर डोज देने वाला साबित होगा। बजट घोषणा के अनुसार स्वदेशी निर्मित 400 वंदेभारत ट्रेनें तैयार की जाएगी। जो मेक इन इंडिया को आगे बढ़ाएगी और इसके लिये तीन सालों में 100 पीएम गति शक्ति कार्गा टर्मिनल तैयार होगे। इससे इन्फ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा मिलेगा।

### सीएम को बताई कर्मचारियों की समस्या

**जयपुर** । मुख्यमंत्री के साथ हुई वर्चुअल बैठक में अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ ने राजस्थान के कर्मचारियों की समस्याओं का मुद्दा उठाया। उन्होंने 30 अक्टूबर 2017 के वेतन कटौती के आदेश को निरस्त करने, चयनित वेतनमान का परिलाभ 9,18 व 27 वर्ष के स्थान पर 8,16, 24 व 32 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण करने पर पदोन्नित पद के समान देना तथा वर्ष 2004 के बाद नियुक्त राज्य कर्मचारियों के लिए नई पेंशन योजना के स्थान पर पुरानी पेंशन योजना लागू करने और सभी संविदा कर्मचारियों को नियमित करने की मांग उठाई। गजेन्द्र सिंह ने वेतन विसंगतियों के परीक्षण के लिए खेमाराम चौधरी की अध्यक्षता में गठित समिति का कार्यकाल आगे नहीं बढ़ाने और वेतन विसंगति की रिपोर्ट को लागू करने के लिए बजट में प्रावधान रखने, राज्य कर्मचारियों के लिए स्पष्ट एवं पारदर्शी स्थानांतरण नीति लागू करने तथा तृतीय श्रेणी अध्यापकों के स्थानांतरण की मांग भी मुख्यमंत्री के समझ रखी। इस कार्यशाला में महासंघ की ओर मुख्य संरक्षक भंवर सिंह धीरावत, मुख्य महामंत्री राजेन्द्र शर्मा, वित्त मंत्री सुरेश नारायण शर्मा और कार्यालय मंत्री महेश कुमार ने भी भाग लिया।

### 5 से 14 मार्च तक होगा जेएलएफ

**जयपुर** । जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल का 15वां संस्करण जयपुर में ही 5-14 मार्च को किया जायेगा। भरतनाट्यम की दिग्गज सोहिनी रॉयचौधरी और विविध भारतीय शास्त्रीय नृत्यों-ओडिसी, मणिपुरी, मयुरभंज व सेरिकेल्ला छाउ की प्रसिद्ध नृत्यांगना शेरॉन लोवेन का साथ देंगी जानी-मानी संगीत और नृत्य आलोचक मंजरी सिन्हा। सत्र में श्रृंगार पर चर्चा करते हुए ये उसके विविध पहलुओं पर प्रकाश डालेंगी। भारतीय नृत्य के नौ रसों में 'श्रृंगार' को अहम् माना है। थिएटर की जानदार हस्ती डॉली ठाकोर की आत्मकथा, रेठोट्स, नन सारे बंधनों को तोड़ते हुए, बड़ी बेबाकी से उनके जीवन को बयां करती है। 20 साल का थियेटर का अनुभव संजोए इस किताब में हास्य, व्यंग्य, ग्लैमर की चकाचौंध के साथ ही डॉली के जीवन के रोचक किस्से हैं। इसकी सह-लेखक हैं अर्घ्या लाहिरी। फेमिनिस्ट, प्रकाशक और लेखिका रितु मेनन ने हरदिल अजीज़ ज़ोहरा सहगल की जीवनी को बड़े प्यार से लिखा है। ज़ोहरा ने 90 सालों तक अपने जीवन को भरपूर जिया। मेनन ने लिखा है कि किस कद्र डांसर उदय शंकर और एक्टर पृथ्वीराज कपूर की रचनात्मकता ने ज़ोहरा को प्रभावित किया। टीमवर्क आर्ट्स के मैनेजिंग डायरेक्टर, संजॉय के. रॉय के साथ चर्चा करते हुए ठाकोर, मेनन और लाहिरी थिएटर के सार, उसके जादू को सामने लाने की कोशिश करेंगी। अन्य सत्र में रॉय सबके पसंदीदा भारतीय गायक और संगीतकार रेमो फर्नांडिस से भी म्यूजिक, आर्ट, राइटिंग और उनके गृहराज्य, गोवा के बारे में बात करेंगे।

### मेडिकल संचालक समेत तीन गिरफ्तार

**जयपुर** । कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ने नशे के सौदागरों पर शिकंजा कसते हुए दो मेडिकल संचालक सहित तीन सप्लायरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने आरोपियों के कब्जे से नशीली दवाइयां सहित गांजा जब्त किया है। नेटवर्क को लेकर आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। डीसीपी (क्राइम) नारायण टोगस ने बताया कि टीम ने मुरलीपुरा और करधनी थाना इलाके में दो कार्रवाइयों को अंजाम दिया। टीम ने आरोपित कमल राम चंदानी निवासी सी 238-39 मुरलीपुरा स्कीम, रोहित आसवानी फ़्लैट नंबर-जी-2, रघुवीर रेजीडेंसी, दादी का फाटक और पुष्पेंद्र सिंह मकान संख्या-80, देवी नगर विस्तार, करधनी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से से प्रतिबंधित नशीली दवाइयां 3450 अल्प्राजोलम, 1424 प्रॉक्सीवेल सहित 395 ग्राम गांजा बरामद किया है। एडिशनल डीसीपी (क्राइम) सुलेश चौधरी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी कमल राम चंदानी का मुरलीपुरा स्कीम सर्किल पर कमल मेडिकल एण्ड प्रोविजन स्टोर और आरोपित रोहित आसवानी तंवर मार्केट में मैसर्स कृष्णा मेडिकल एण्ड प्रोविजन स्टोर की आड़ में नशीली दवाइयां बेच रहे थे। वहीं आरोपित पुष्पेन्द्र सिंह गांजा को छोटी-छोटी पुडिया बनाकर छात्र वर्ग एवं मजदूर वर्ग को बेचता है।

### 30 लाख रु. का सोना ले भागा नौकर

**जयपुर** । रामगंज में चार नौकर 30 लाख रूपए का सोना लेकर फरार हो गए। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। थानाधिकारी भूरी सिंह ने बताया कि आनंद कॉलोनी दित्तीय, आमेर रोड निवासी पीड़ित समरजीत संतरा का घी वालों का रास्ता में सोने के आभूषण बनाने का कारखाना संचालित है। यहां पर गांव राउतखाना जिला हुगली, पश्चिम बंगाल निवासी सुभान सा और उसके तीन साथी राजेश, शेख राकिब और शेख लालचंद पिछले एक साल आभूषणों की कारीगरी का काम करते हैं। घटनाक्रम के मुताबिक 30 जनवरी की रात करीब 1 बजे सुभान सा, राकिब बाजार जाने और राजेश एवं लालचंद किसी परिचित को स्टेशन से लाने की कहकर कारखाने से चले गए थे। सुभान एक अन्य कर्मचारी को गेट बंद करने की कहकर गया था। इसके बाद चारों वापिस नहीं लौटे। पीड़ित ने सुभान सा को 600 ग्राम सोना गहने बनाने के लिए दिया हुआ था। अगली सुबह जब पीड़ित ने कारीगरों की डेस्क पर सोना चेक किया तो नहीं मिला।